पत्रांक–डी०डी०–1–विविध–71 / 2026.....

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

सुरेश प्रसाद प्रभाकर,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता (विद्युत सहित),
सभी कार्यपालक अभियंता(विद्युत सहित),
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

स्मार पत्र

पटना, दिनांक.....

विषयः– **विभाग अंतर्गत 05 करोड़ रूपये या इससे अधिक के प्राक्कलन राशि से संबंधित वैसे कार्यों की सूची, जिसकी निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि–01.01.2026 या इसके पश्चात् हो, से संबंधित विवरणी उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंगः– प्रधान सचिव, निगरानी विभाग, तकनीकी परीक्षण कोषांग,मुख्य सचिवालय बिहार, पटना का पत्रांक–770, दिनांक–02.09.2026, विभागीय पत्रांक–8600, दिनांक–10.09.2026 एवं पत्रांक–8951, दिनांक–21.09.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में कहना है कि प्रधान सचिव, निगरानी विभाग, तकनीकी परीक्षण कोषांग,मुख्य सचिवालय बिहार, पटना का पत्रांक–770, दिनांक–02.09.2026 एवं विभागीय पत्रांक–8951, दिनांक–21.09.2026 द्वारा विभाग अंतर्गत 05 करोड़ रूपये या इससे अधिक के प्राक्कलन राशि से संबंधित वैसे कार्यों की सूची, जिसकी निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि–01.01.2026 या इसके पश्चात् हो, से संबंधित विवरणी कि माँग की गई थी जो आदिनांक तक अप्राप्त है।

अतः निदेशित है कि वांछित सूचना निम्न प्रपत्र में संलग्न कर (03) तीन दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

क्र० सं०	भवन प्रमंडल का नाम	निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि	कार्य का नाम	निविदा आमंत्रण सूचना में अंकित कार्य की प्राक्कलित राशि	निविदा निष्पादन की अद्यतन स्थिति	निष्पादित निविदा परिमाण विपत्र से कम या अधिक (%में)	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8

अनु०:– याथोक्त।

विश्वासभाजन

ह०/–
(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 9437 दिनांक– 06/10/26

प्रतिलिपिः– आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

06.10.26

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

D:\New DD2 Letter.Docx

पत्रांकः–भवन–12 / अभि0प्र0(यो0)–02–विविध–08 / 2026.....8951(6)

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव।

सेवा में,

मुख्य अभियंता (पटना / उत्तर / दक्षिण / संरचना),
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

पटना, दिनांकः– 21/9/26

विषय :– विभाग अंतर्गत 05 करोड़ रूपये या इससे अधिक के प्राक्कलन राशि से संबंधित वैसे कार्यों की सूची, जिसकी निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि–01.01.2026 या इसके पश्चात हो, से संबंधित विवरणी उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पीत–पत्र सं0–8767, दिनांक–16.09.2026 एवं निगरानी विभाग, बिहार का पत्रांक–770, दिनांक–02.09.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों के संबंध में कहना है कि प्रधान सचिव, निगरानी विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–08.09.2026 को सभी विभागों के मुख्य निगरानी पदाधिकारियों / विभागों के प्रतिनिधियों के साथ लंबित मामलो की समीक्षात्मक बैठक हुयी है। उक्त बैठक में प्राप्त निदेश के आलोक में दिनांक–01.01.2026 के उपरान्त विभाग अंतर्गत 05 करोड़ रूपये या इससे अधिक के प्राक्कलन राशि से संबंधित निविदा आमंत्रण की सूचना निगरानी विभाग को उपलब्ध कराया जाना है (छायाप्रति संलग्न)।

अतः अनुरोध है कि विभाग अंतर्गत 05 करोड़ रूपये या इससे अधिक के प्राक्कलन राशि से संबंधित वैसे कार्यों की सूची, जिसकी निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि–01.01.2026 या इसके पश्चात हो, से संबंधित विवरणी को यथाशीघ्र संलग्न विहित प्रपत्र में निगरानी विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन

21/9/26

(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव।

ज्ञापांकः– भवन–12 / अभि0प्र0(यो0)–02–विविध–08 / 2026 8951(6)2 पटना, दिनांकः– 21/9/26

प्रतिलिपिः– अपर सचिव–सह–मुख्य निगरानी पदाधिकारी, भवन निर्माण विभाग को पीत पत्र सं0–भवन / नि0को0 / विविध–02 / 2025.....8767, दिनांक–16.09.2026 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21/9/26

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव।

75 (18)

भ0स0प्रे0सं0–भवन / नि0को0 / विविध–02 / 2025 8767(13)/ दिनांक– 16/9/26

पीत–पत्र के बदले में।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

प्रधान सचिव, निगरानी विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सभी विभागों के मुख्य निगरानी पदाधिकारियों / विभागों के प्रतिनिधियों के साथ निगरानी संबंधी लंबित मामलों की समीक्षा हेतु दिनांक–08.09.2026 को अपराह्न 3:30 बजे समीक्षात्मक बैठक किया गया। उक्त बैठक में निगरानी विभाग, बिहार, पटना द्वारा विभाग को पूर्व में प्रेषित निम्न पत्रों की छायाप्रति आवश्यक कार्रवाई के निमित अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया गया है:–

क्रम सं0	पत्रांक / दिनांक	विषय
1	पत्रांक–770 दिनांक–02.09.2026	विभाग अंतर्गत 05 करोड़ रूपये या इससे अधिक के प्राक्कलन राशि से संबंधित वैसे कार्यों की सूची, जिसकी निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि 01.01.2026 या इसके पश्चात हो, से संबंधित विवरणी उपलब्ध कराने के संबंध में।
2	पत्रांक–756(अनु0) दिनांक–08.12.2025	तकनीकी परीक्षक कोषांग, निगरानी विभाग, बिहार, पटना के हॉल में पदाधिकारियों के बैठने के लिए किये गये पार्टिशन में उपस्करों के अधिष्ठापन कार्य के संबंध में।
3	पत्रांक–764 दिनांक–02.09.2026	विभाग अंतर्गत भवनों व नाला इत्यादि तकनीकी संरचनाओं के कार्यों में पायी गई त्रुटियों / अनियमितताओं एवं तकनीकी गुणवत्ता जाँच के मापदंड / अनुमान्य विचलन के संबंध में।

अतएव उक्त तीनों पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है उक्त के संदर्भ में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने कृपा की जाए।

अनु0:–यथोक्त।

(संजय कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव
–सह–
मुख्य निगरानी पदाधिकारी।

(13) 1867

76

बिहार सरकार
निगरानी विभाग
तकनीकी परीक्षण कोषांग
ब्लॉक–2,
मुख्य सचिवालय, पटना।

प्रेषक

मयंक वरवड़े,
प्रधान सचिव।

सेवा में

प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग,
सचिव, पथ निर्माण विभाग,
सचिव, पर्यटन विभाग, बिहार, पटना
सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग,
सचिव, स्वास्थ्य विभाग,
सचिव, ऊर्जा विभाग,
सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग,
सचिव, भवन निर्माण विभाग,
सचिव, लघु जल संसाधन विभाग,

पटना, दिनांक :– 04/09/26

विषयः– विभाग अंतर्गत पाँच करोड़ रूपये या इससे अधिक के प्राक्कलित राशि से संबंधित वैसे कार्यों की सूची, जिसके निविदा आमंत्रण की सूचना निर्गत करने की तिथि 01.01.2026 या इसके पश्चात् हो, से संबंधित विवरणी उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– तकनीकी परीक्षक कोषांग, निगरानी विभाग का पत्रांक–347 दिनांक–13.05.2026 एवं पत्रांक–450, दिनांक–12.06.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषय प्रासंगिक पत्र के द्वारा आपके विभाग, विभाग से सम्बद्ध निगम/अन्य कार्यकारी एजेन्सी द्वारा पाँच करोड़ रूपये या इससे अधिक की प्राक्कलित राशि से संबंधित वैसे कार्यों की सूची जिसकी निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि 01.01.2026 या उसके पश्चात् हो, से संबंधित विवरणी निम्न प्रपत्र में एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराने की माँग की गई थी, जो अब तक अप्राप्त है।

प्रपत्र में आंशिक संशोधन किया गया है एवं अनुरोध है कि अद्यतन निम्न प्रपत्र में विवरणी शीघ्र उपलब्ध करायी जाय।

प्रपत्र

क्र० सं०	निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि	कार्य का नाम	निविदा आमंत्रण सूचना में अंकित कार्य की प्राक्कलित राशि	निविदा निष्पादन की अद्यतन स्थिति	निष्पादित निविदा परिमाण विपत्र से कम या अधिक (%में)	अनुमति
1	2	3	4	5	6	7

विश्वासभाजन

(मयंक वरवड़े)

पत्रांक–डी0डी0–1–विविध–71/2026 ..... 8600 (भ) 64

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

सुरेश प्रसाद प्रभाकर,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

स्मार पत्र–II

सेवा में,

मुख्य अभियंता (पटना/उत्तर/दक्षिण/संरचना),
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
मुख्य महाप्रबंधक,
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना।

पटना, दिनांकः– 10/9/26

विषयः– **विभाग अंतर्गत पाँच करोड़ रूपये या इससे अधिक के प्राक्कलित राशि से संबंधित वैसे कार्यों की सूची, जिसके निविदा आमंत्रण की सूचना निर्गत करने की तिथि 01.01.2026 या इसके पश्चात् हो उससे संबंधित विवरणी उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंगः–
1. प्रधान सचिव, निगरानी विभाग, तकनीकी परीक्षक कोषांग, ब्लॉक–2, मुख्य सचिवालय, पटना का पत्रांक 770/त0प0को0 दिनांक 02.09.2026
2. विभागीय पत्रांक 4503 (भ) अनु0, पटना, दिनांक 19.05.2026 एवं पत्रांक 5677 (भ) अनु0, पटना, दिनांक 18.06.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि पाँच करोड़ रूपये या इससे अधिक के प्राक्कलित राशि से संबंधित वैसे कार्यों की सूची, जिसके निविदा आमंत्रण की सूचना निर्गत करने की तिथि 01.01.2026 या इसके पश्चात् हो का अपने–अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित सभी प्रमंडलों से प्राप्त कर समेकित रूप से निम्नांकित प्रपत्र के अनुसार विवरणी तैयार कर एक सप्ताह में उपलब्ध कराया जाय।

क्र० सं०	निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि	कार्य का नाम	निविदा आमंत्रण सूचना में अंकित कार्य की प्राक्कलित राशि	निविदा निष्पादन की अद्यतन स्थिति	निष्पादित निविदा परिमाण विपत्र से कम या अधिक (%में)	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7

अनु0:–यथोक्त।

विश्वासभाजन
10.9.26
(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 8600 (भ) पटना/दिनांकः– 10/9/26

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव, निगरानी विभाग, तकनीकी परीक्षक कोषांग, ब्लॉक–2, मुख्य सचिवालय, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

10.9.26
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 8600 (भ) पटना/दिनांकः– 10/9/26

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.9.26
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

En-in Chif Letter-vk